**Appeal to generously donate to 'Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund (PM CARES Fund)'**

The pandemic of COVID-19 has engulfed the entire world and has posed serious challenges for the health and economic security of millions of people worldwide. In India too, the spread of coronavirus has been alarming and is posing severe health and economic ramifications for our country. The Prime Minister's office has been receiving spontaneous and innumerable requests for making generous donations to support the government in the wake of this emergency.

Distress situations, whether natural or otherwise, demand expeditious and collective action for alleviating the suffering of those affected, mitigation/control of damage to infrastructure and capacities etc. Therefore, building capacities for quick emergency response and effective community resilience has to be done *in tandem* with infrastructure and institutional capacity reconstruction/enhancement. Use of new technology and advance research findings also become an inseparable element of such concerted action.

Keeping in mind the need for having a dedicated national fund with the primary objective of dealing with any kind of emergency or distress situation, like posed by the COVID-19 pandemic, and to provide relief to the affected, a public charitable trust under the name of **'Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund' (PM CARES Fund)**' has been set up. Prime Minister is the Chairman of this trust and its Members include Defence Minister, Home Minister and Finance Minister.

PM Narendra Modi has always believed and shown in actions that public participation is the most effective way to mitigate any issue and this is yet another example. This fund will enable micro-donations as a result of which a large number of people will be able to contribute with smallest of denominations.

**Citizens and organisations can go to the website pmindia.gov.in and donate to PM CARES Fund using following details**:

| | | |
|---|---|---|
| Name of the Account | : | **PM CARES** |
| Account Number | : | **2121PM20202** |
| IFSC Code | : | **SBIN0000691** |
| SWIFT Code | : | **SBININBB104** |
| Name of Bank & Branch | : | **State Bank of India, New Delhi Main Branch** |
| UPI ID | : | **pmcares@sbi** |

**Following modes of payments are available on the website pmindia.gov.in -**

1. Debit Cards and Credit Cards
2. Internet Banking
3. UPI (BHIM, PhonePe, Amazon Pay, Google Pay, PayTM, Mobikwik, etc.)
4. RTGS/NEFT

Donations to this fund will be exempted from income tax under section 80(G).

**'आपात स्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड)' में उदारतापूर्वक दान करने की अपील**

'कोविड-19' की महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है और इसके साथ ही विश्व भर में करोड़ों लोगों की स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। भारत में भी कोरोना वायरस खतरनाक ढंग से फैलता जा रहा है और हमारे देश के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य एवं आर्थिक चुनौतियां उत्पन्न कर रहा है। इस आपातकाल के मद्देनजर सरकार को आवश्यक सहयोग देने के उद्देश्य से उदारतापूर्वक दान करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय को स्वेच्छा से अनगिनत अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

संकट की स्थिति, चाहे प्राकृतिक हो या कोई और, में प्रभावित लोगों की पीड़ा को कम करने और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं एवं क्षमताओं को हुए भारी नुकसान में कमी/नियंत्रण करने, इत्यादि के लिए त्वरित और सामूहिक कदम उठाना जरूरी हो जाता है। अत: अवसंरचना और संस्थागत क्षमता के पुनर्निर्माण/विस्तार के साथ-साथ त्वरित आपातकालीन कदम उठाना और सामुदाय की प्रभावकारी

सुदृढ़ता के लिए क्षमता निर्माण करना आवश्यक है। नई प्रौद्योगिकी और अग्रिम अनुसंधान निष्कर्षों का उपयोग भी इस तरह के ठोस कदमों का एक अविभाज्य हिस्सा बन जाता है।

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चिंताजनक हालात जैसी किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या संकट से निपटने के प्राथमिक उद्देश्य से एक विशेष राष्ट्रीय कोष बनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए और इससे प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए **'आपात स्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड)'** के नाम से एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट बनाया गया है। प्रधानमंत्री इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं और इसके सदस्यों में रक्षा मंत्री, गृह मंत्री एवं वित्त मंत्री शामिल हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यह हमेशा माना है और इसके साथ ही अपने विभिन्न मिशनों में यह बात रेखांकित की है कि किसी भी मुसीबत को कम करने के लिए सार्वजनिक भागीदारी सबसे प्रभावकारी तरीका है और यह इसका एक और अनूठा उदाहरण है। इस कोष में छोटी-छोटी धनराशियां दान के रूप में दी जा सकेंगी। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग इसमें छोटी-छोटी धनराशियों का योगदान करने में सक्षम होंगे।

**नागरिक और संगठन वेबसाइट pmindia.gov.in पर जा सकते हैं और निम्नलिखित विवरणों का उपयोग करके 'पीएम केयर्स फंड' में दान कर सकते हैं:**

खाते का नाम: **पीएम केयर्स**
खाता संख्या: **2121PM20202**
आईएफएससी कोड: **SBIN0000691**
स्विफ्ट कोड: **SBININBB104**
बैंक और शाखा का नाम: **भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मुख्य शाखा**
यूपीआई आईडी: **pmcares@sbi**

**भुगतान के निम्नलिखित माध्यम वेबसाइट pmindia.gov.in पर उपलब्ध हैं-**

1. डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड
2. इंटरनेट बैंकिंग
3. यूपीआई (भीम, फोनपे, अमेजन पे, गूगल पे, पेटीएम, मोबिकविक, इत्यादि)
4. आरटीजीएस/एनईएफटी

इस कोष में दी जाने वाली दान राशि पर धारा 80 (जी) के तहत आयकर से छूट दी जाएगी।

*****